17/08/1

हिंदी विकास मंच द्वारा आयोजित

# राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2017

**नाम –** ............................................................................ **अनुक्रमांक –** ..................

**कुल समय: 1 घंटा** **कक्षा-8** **कुल अंक: 100**

**निर्देश:** 1) सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प का गोला (●) भरिए।

2) एक उत्तर के लिए दो गोले भरने व गलत उत्तर देने पर नकारात्मक (–2) अंक दिए जाएँगे।

3) पहला प्रश्न 8 अंक और बाकी प्रश्न 4 अंक के हैं।

4) किसी प्रश्न में कोई भी गोला नहीं भरने पर न तो अंक दिए जाएँगे न ही काटे जाएँगे।

---

**प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर दीजिए–**

रोम इटली की राजधानी है। रोम नगर एक नदी के किनारे बसा हुआ है। प्राचीन काल में रोम बड़ा शक्तिशाली साम्राज्य था। उस समय रोम में प्रवेश करने के लिए नदी पर बने लकड़ी के पुल से होकर जाना पड़ता था। एक दिन शत्रु सेना ने रोम पर हमला कर दिया। उन्हें भी इसी पुल से गुज़रकर रोम में प्रवेश करना था। यह देखकर रोम के एक वीर सैनिक होरेशस ने अपने दो वीर साथियों के साथ मोर्चा सँभाला और बाकी सेना और रोमवासियों को लकड़ी का पुल काटकर गिरा देने की सलाह दी। उस सँकरे पुल पर उन तीनों ने आते शत्रुओं का मुकाबला किया। उधर पुल काटा जाता रहा और इधर होरेशस और उसके साथी लड़ते रहे। इस तरह होरेशस और उसके साथियों ने मातृभूमि के लिए अपने प्राणों की बाजी लगा दी।

**(क) रोम कहाँ बसा है?** **2×4 = 8**

1. झील के किनारे ○ 2. समुद्र के किनारे ○

3. नदी के किनारे ○ 3. इटली के बगल में ○

**(ख) रोम में प्रवेश करने के लिए जाना पड़ता था–**

1. लोहे के पुल से ○ 2. लकड़ी के पुल से ○

3. रेलमार्ग से ○ 3. सड़क से ○

**(ग) होरेशस के साथ कितने सैनिक थे?**

1. चार ○ 2. पाँच ○

3. सात ○ 4. दो ○

**(घ) रोम को शत्रुओं से बचाने का उपाय था–**

1. संधि कर लेना ○ 2. युद्ध करना ○

3. पुल काटकर गिराना ○ 4. नया पुल बनाना ○

**प्रश्न 2. (क) वह ध्वनि जिसके और छोटे टुकड़े न हो सके, उसे ...................... कहते हैं।**

1. स्वर ○ 2. व्यंजन ○
3. वर्ण ○ 4. शब्द ○

**(ख) इनमें दीर्घ स्वर कौन-सा है?**

1. अ ○ 2. ऋ ○
3. इ ○ 4. ए ○

**प्रश्न 3. (क) स्वर को उसके मूल रूप में तब लिखा जाता है जब वह आता है ..............................।**

1. शब्द के आरंभ में ○ 2. शब्द के मध्य में ○
3. शब्द के अंत में ○ 4. कहीं भी ○

**(ख) क, प, म आदि व्यंजन हैं–**

1. स्पर्श व्यंजन ○ 2. अंतस्थ व्यंजन ○
3. आगत ○ 4. ऊष्म व्यंजन ○

**प्रश्न 4. (क) इनमें कौन-सा अंतःस्थ व्यंजन है–**

1. फ ○ 2. म ○ 3. य ○ 4. स ○

**(ख) किस शब्द में संयुक्त व्यंजन का प्रयोग नहीं है।**

1. विज्ञान ○ 2. छात्र ○ 3. कक्षा ○ 4. ऋषभ ○

**प्रश्न 5. (क) शब्दों की रचना होती है।**

1. पदों के मेल से ○ 2. मात्राओं के मेल से ○
3. वर्णों के मेल से ○ 4. वाक्यों के मेल से ○

**(ख) स्त्रोत या उत्पत्ति के आधार पर शब्दों के भेद होते हैं–**

1. तीन ○ 2. चार ○
3. छह ○ 4. पाँच ○

**प्रश्न 6. (क) 'कलमदान' शब्द है–**

1. रूढ़ शब्द ○ 2. यौगिक शब्द ○
3. योगरूढ़ ○ 4. इनमें से कोई नहीं। ○

**(ख) पर्यायवाची शब्दों से ........................... अर्थ का बोध होता है।**

1. समान ○ 2. उल्टा या विपरीत ○
3. अनेक ○ 4. इनमें से काई नहीं। ○

**प्रश्न 7. (क) इनमें कौन-सा विकारी शब्द नहीं है–**

1. संज्ञा ○ 2. सर्वनाम ○
3. क्रिया ○ 4. अव्यय ○

**( ख ) 'लड़के बाहर क्रिकेट खेल रहे हैं।' में अविकारी शब्द हैं–**

1. लड़के ○ 2. बाहर ○
3. क्रिकेट ○ 4. खेल रहे हैं। ○

**प्रश्न 8. ( क ) इनमें भाववाचक संज्ञा शब्द हैं–**

1. भारत, रूस ○ 2. छात्र, डाकिया ○
3. अपनापन, मित्रता ○ 4. ताजमहल, पुस्तक ○

**( ख ) सर्वनाम का भेद नहीं है–**

1. व्यक्तिवाचक सर्वनाम ○ 2. निश्चयवाचक ○
3. प्रश्नवाचक ○ 4. संबंधवाचक ○

**प्रश्न 9. ( क ) 'सत्य' शब्द से बना विशेषण है–**

1. सत्यता ○ 2. सच्चाई ○
3. सत्याग्रह ○ 4. सत्यवादी ○

**( ख ) 'राम बहुत होशियार बालक है।' यहाँ रेखांकित अंश है–**

1. विशेषण ○ 2. प्रविशेषण ○
3. विशेष्य ○ 4. सर्वनाम ○

**प्रश्न 10. ( क ) 'कुत्ता जोर-जोर से भौंक रहा था।' वाक्य में क्रिया है–**

1. अकर्मक ○ 2. एककर्मक ○
3. द्विकर्मक ○ 4. पूर्वकालिक ○

**( ख ) 'धमाका सुनते ही पक्षी अचानक उड़ गए।' वाक्य में क्रिया विशेषण है–**

1. धमाका ○ 2. सुनते ही ○
3. अचानक ○ 4. उड़ गए ○

**प्रश्न 11. ( क ) 'राम के संग सीता भी वन को गईं।' वाक्य में संबंधवाचक है–**

1. राम ○ 2. के संग ○
3. वन को ○ 4. गईं ○

**( ख ) 'घंटी बजी ........................ छात्र बाहर आ गए।' समुच्चयबोधक द्वारा पूरा कीजिए।**

1. परंतु ○ 2. तथापि ○
3. लेकिन ○ 4. और ○

**प्रश्न 12. ( क ) हमारे मन के भावों को अचानक प्रकट करते हैं–**

1. क्रियाविशेषण शब्द ○ 2. संबंधबोधक शब्द ○
3. विस्मयादिबोधक शब्द ○ 4. समुच्चयबोधक शब्द ○

**(ख) अहा! भारत मैच जीत गया। वाक्य से प्रकट होने वाला भाव है–**

1. आश्चर्य ○ 2. हर्ष ○
3. दुखः ○ 4. घृणा ○

**प्रश्न 13. (क) इनमें कौन-सा क्रियाविशेषण का भेद नहीं है।**

1. कालवाचक ○ 2. गुणवाचक ○
3. रीतिवाचक ○ 4. परिमाणवाचक ○

**(ख) आज कई छात्र विद्यालय नहीं आए है। वाक्य में प्रयुक्त विशेषण का भेद है–**

1. अनिश्चित संख्यावाचक ○ 2. निश्चित संख्यावाचक ○
3. अनिश्चित पमिाणवाचक ○ 4. निश्चित पमिाणवाचक ○

**प्रश्न 14. (क) प्रयोगशाला में समास है–**

1. अव्ययीभाव ○ 2. कर्मधारय ○
3. तत्पुरुष ○ 4. द्विगु ○

**(ख) बहुव्रीहि समास में प्रधान होता है–**

1. पूर्व पद ○ 2. उत्तर पद ○
3. दोनों पद ○ 4. अन्य पद ○

**प्रश्न 15. (क) 'र' का रेफ रूप किस शब्द में प्रयुक्त है?**

1. कृतिका ○ 2. कर्तव्य ○
3. उपग्रह ○ 4. रोशनी ○

**(ख) माँ ने भिखारी को भीख दिया।– रेखांकित अंश में कारक है–**

1. कर्ता कारक ○ 2. संप्रदान कारक ○
3. कर्म कारक ○ 4. अधिकरण कारक ○

**प्रश्न 16. (क) अनुकरण में प्रुयक्त उपसर्ग हैं–**

1. अ ○ 2. आ ○ 3. अन ○ 4. अनु ○

**(ख) 'लुहार' में प्रयुक्त प्रत्यय है–**

1. र ○ 2. आर ○ 3. अर ○ 4. हार ○

**प्रश्न 17. (क) 'विधुर' का स्त्रीलिंग है–**

1. विधुरी ○ 2. सधवा ○
3. विधवा ○ 4. धुर ○

**(ख) 'कामना' का बहुवचन है–**

1. कामनाओं ○ 2. कामनाएँ ○
3. कामिनी ○ 4. कामायनी ○

नाम – ......................................................................... अनुक्रमांक – ....................

**प्रश्न 18. (क) 'आग' का पर्यायवाची नहीं है–**

1. पावक ○ 2. अनिल ○
3. ज्वाला ○ 4. दहन ○

**(ख) 'पर्वत' का पर्यायवाची नहीं है–**

1. भूधर ○ 2. नगधर ○
3. अचला ○ 4. शैल ○

**प्रश्न 19. (क) 'कुपित' का विलोम होगा–**

1. प्रसन्न ○ 2. नाराज ○
3. क्रोधित ○ 4. झगड़ालू ○

**(ख) 'वरदान' का विलोम है–**

1. दान ○ 2. त्याग ○
3. आशीर्वाद ○ 4. अभिशाप ○

**प्रश्न 20. (क) 'तरणी-तरूणी' का अर्थ किस विकल्प में है–**

1. नाविक, लड़की ○ 2. नाव, युवती ○
3. नवयुवती, नदी ○ 4. जहाज, नवयुवती ○

**(ख) 'निर्जर-निर्झर' का अर्थ है–**

1. मनुष्य, तालाब ○ 2. सुनसान, झरना ○
3. देवता, सागर ○ 4. देवता, झरना ○

**प्रश्न 21. (क) जो बहुत अधिक खर्च करता हो–**

1. अल्पभाषी ○ 2. अल्पज्ञ ○
3. मितव्ययी ○ 4. अपव्ययी ○

**(ख) जो अभी पैदा हुआ हो–**

1. सहजात ○ 2. नवजात ○
3. शिशु ○ 4. पारिजात ○

**प्रश्न 22. (क) 'पयोधर' का अर्थ नहीं है–**

1. गन्ना ○ 2. पर्वत ○
3. तालाब ○ 4. बादल ○

**(ख) 'अक्षर' का अर्थ नहीं है–**

1. ब्रह्मा ○ 2. वर्ण ○
3. विष्णु ○ 4. पुस्तक ○

**प्रश्न 23. (क) जवानों ने दुश्मनों पर गोलियाँ चलाईं।– वाक्य में उद्देश्य है–**

1. जवानों ○ 2. दुश्मनों ○
3. गोलियाँ ○ 4. चलाई ○

**(ख) पत्र का जवाब शीघ्र देने की कृपा करें। वाक्य का भेद है–**

1. विधानवाचक ○ 2. इच्छावाचक ○
3. संकेतवाचक ○ 4. आज्ञावाचक ○

**प्रश्न 24. मिश्रवाक्य का उदाहरण वाला विकल्प है–**

1. वर्षा होते ही मोर नाचने लगे। ○
2. सूखा पड़ा और फसलें नष्ट हो गईं। ○
3. जब वर्षा हुई तब घास हरी हो गई। ○
4. धमाके होते ही लोग भागने लगे। ○

हिंदी विकास मंच